आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रारंभिक दौर में उग्रवादी विचारधारा को निम्नलिखित में से कौन-सा एक निरूपित करता है?

(a) आयातित वस्तुओं पर देशज वस्तुओं को प्रश्रय देकर देशज वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ावा देना।

(b) सांविधानिक साधनों एवं याचिकाओं के स्थान पर आक्रामक साधनों से स्वशासन प्राप्त करना।

(c) देश को आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय शिक्षा प्रदान करना।

(d) सैनिक विद्रोह द्वारा ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध बलात् राजपरिवर्तन संगठित करना।

2. 'कांग्रेस अपने पतन की कगार पर है और भारत में रहते हुए मेरी एक महती आकांक्षा इसके शान्तिपूर्ण ढंग से समाप्त हो जाने में हाथ बंटाने की है', यह कथन है–

(a) लॉर्ड डफरिन का

(b) लॉर्ड कर्जन का

(c) लॉर्ड लिटन का

(d) उपरोक्त में से किसी का नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन एक महात्मा गाँधी के नेतृत्व में चलने वाला आंदोलन नहीं था?

(a) रॉलेट आंदोलन

(b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) होमरूल आंदोलन

4. डेविड हेयर और एलेक्जेंडर डफ के साथ मिलकर निम्नलिखित में से किसने कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की?

(a) हेनरी लुइस विवियन डोरोजिओ

(b) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(c) केशव चंद्र सेन

(d) राजा राममोहन राय

5. भारत में उपनिवेशी शासन के संदर्भ में 1883 में इल्बर्ट बिल का उद्देश्य था–

(a) जहाँ तक अदालतों की दाण्डिक अधिकारिता का संबंध था, भारतीय तथा यूरापीय लोगों को बराबरी पर लाना।

(b) देशी प्रेस की स्वतंत्रता पर कड़ा अंकुश लगाना, क्योंकि उसे उपनिवेशी शासकों का विरोधी समझा जाता था।

(c) प्रशासनिक सेवा परीक्षाएं भारत में करवाना ताकि देशी भारतीयों को उसमें बैठने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

(d) शस्त्र एक्ट में संशोधन कर देशी भारतीयों को शस्त्र रखने की अनुमति देना।